प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 14.02.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक लाख करोड़ के अर्बन चैलेंज फण्ड और दस हजार करोड़ रुपये के स्टार्टअप इंडिया फण्ड समेत कई परियोजनाओं को दी मंजूरी।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जंगली हाथियों के हमले पर रोक लगाने और लोगों के जानमाल की सुरक्षा तथा पीड़ित परिवार को बारह दिनों के अंदर मुआवजा भुगतान का दिया निर्देश।**
3. **लोक भवन उद्यान का अबतक पौने छह लाख से अधिक लोगों ने किया भ्रमण, आगंतुकों के लिए कल तक खुला रहेगा उद्यान।**
4. **महाशिवरात्रि कल, देवघर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासनिक तैयारी पूरी, रांची में बदला ट्रैफिक रूट, कल सुबह पांच बजे से भाहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक।**
5. **रांची स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में आधुनिक आर्चरी एरेना का उद्घाटन, फुटबॉल फॉर स्कूल कार्यक्रम के तहत कई स्कूलों के विद्यार्थियों के बीच फुटबॉल का वितरण।**

****

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कल हुई मंत्रिमंडल की बैठक में भारत के बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम को एक बड़ा प्रोत्साहन देते हुए स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स के दूसरे चरण की स्थापना को मंजूरी दे दी गई है। इसके लिए कुल 10 हजार करोड़ रुपये का कोष आवंटित किया गया है।

श्रीवैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने एक लाख करोड़ रुपये की कुल केंद्रीय सहायता के साथ अर्बन चैलेंज फंड के शुभारंभ को भी मंजूरी दी। वहीं नोएडा सेक्टर 142 से बॉटनिकल गार्डन तक नोएडा मेट्रो रेल समेत अन्य परियोजना को मंजूरी दी गई।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर जंगली हाथियों के हमले पर रोक लगाने और लोगों की जानमाल की सुरक्षा का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों को प्रशिक्षण देकर एलीफैंट रेस्क्यू टीम बनाने का निर्देश दिया। श्री सोरेन ने पीड़ित परिवार को बारह दिनों के अंदर मुआवजा भुगतान का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने पिछले पांच वर्षों के कैजुअल्टी और कंपनसेशन से संबंधित विस्तृत डेटा प्रस्तुत करने तथा सभी एलिफैंट कॉरिडोर की मैपिंग कराने को कहा। बैठक में बताया गया कि राज्य के कई जिलों में हाल के महीनों में हाथी के हमलों से लगभग 27 लोगों की मृत्यु हुई है, जिस पर सुदृढ़ कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए।

****

राष्ट्र आज पुलवामा आतंकी हमले की सातवीं बरसी पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए झारखंड के विजय सोरेंग की 7वीं पुण्यतिथि पर उनके गांव गुमला के बसिया स्थित कुम्हारी में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर शहीद के परिजन, सीआरपीएफ 158 बटालियन, जिला प्रशासन की टीम और ग्रामीण मौजूद रहे। बसिया एसडीएम जयवंती देवगम ने शहीद को नमन करते हुए उनके परिजनों को हर सहयोग का आश्वासन दिया।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के निर्देश पर आम नागरिकों के लिए खोले गए लोक भवन उद्यान में आज 24 हजार 154 लोगों ने भ्रमण किया, जिससे कुल आगंतुकों की संख्या बढ़कर 5 लाख 77 हजार 673 हो गई है। लोकभवन प्रशासन ने जानकारी दी है कि उद्यान आम लोगों के लिए कल तक खुला रहेगा। भ्रमण का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है तथा प्रवेश गेट संख्या–2 से सुरक्षा जांच के बाद दोपहर 1 बजे तक किया जा सकेगा।

****

पलामू जिले में सबसे अधिक पांच निकायों में चुनावी हलचल तेज है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

राज्य में होने वाले गैर दलीय नगर निकाय चुनाव में दलीय राजनीति तेज हो गई है। पाकुड़ नगर परिषद क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता सह विधायक हेमलाल मुर्मू ने अध्यक्ष पद की प्रत्याशी शेख सेलिना सुलताना को समर्थन देने की बात कही है।

इधर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने मेदिनीनगर में कहा कि हेमंत सरकार, भाजपा से डरी हुई है, इसलिए निकाय चुनाव दलगत नहीं करा रही है।

उधर राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने रांची के मेयर चुनाव के लिए सुजाता कच्छप के समर्थन की घोषणा की है।

****

देवघर के बाबा मंदिर, रांची के पहाड़ी मंदिर समेत राज्यभर के मंदिरों में कल महाशिवरात्रि का त्योहार धूमधाम से मनाया जायेगा। देवघर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पांच जगहों पर सूचना सह सहायता केन्द्र बनाए गए हैं। इधर शिवगंगा सरोवर में एनडीआरएफ की 33 सदस्यीय टीम को तैनात किया गया है।

****

राजधानी रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर में महाशिवरात्रि की तैयारी पूरी कर ली गई है। कल सुबह साढ़े तीन बजे सरकारी पूजा के बाद भक्तों के लिए मंदिर का पट खोल दिया जाएगा। रांची जिला प्रशासन की टीम ने आज पहाड़ी परिसर का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए। ट्रैफिक डीएसपी प्रमोद केसरी ने बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ और शिव बारात को लेकर जगह–जगह ड्रॉप गेट और बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। कल सुबह पांच बजे से शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगा।

****

रांची के मेसरा स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में आधुनिक आर्चरी एरेना का उद्घाटन रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह सुविधा हमारी युवा पीढ़ी के लिए अनुशासन, एकाग्रता, धैर्य और आत्मसंयम की जीवंत प्रयोगशाला है। वहीं शिक्षा मंत्रालय के फुटबॉल फॉर स्कूल कार्यक्रम के तहत रांची जिले के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों के बीच मुख्य अतिथि द्वारा फुटबॉल का वितरण किया गया।

****